# कोरोना संक्रमण नहीं फैले, सौहार्दपूर्ण रूप से त्योहारों का आयोजन होगा



रतलाम। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा

## ▸ जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

कि कोरोना काल के दृष्टिगत संक्रमण नहीं फैलें, शासन की गाइड लाइन का पालन होगा। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार आयोजित होंगे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शांति समिति के निर्णय में कोई परिवर्तन नहीं होगा। यदि शासन द्वारा कोई नया आदेश जारी होता है तभी सभी सदस्यों को विश्वास में लेकर परिवर्तन किया जा सकता है। सभी से कोविड-अनुकूल व्यवहार रखने की अपील कलेक्टर द्वारा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है। एक निश्चित सीमा में अधिकाधिक टीकाकरण होने पर ही हम सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। यदि कोई वृद्धजन टीकाकरण से वंचित है, टीकाकरण केंद्र पर आने में असमर्थता हो रही है तो वैक्सीनेशन टीम द्वारा घर जाकर भी टीका लगाया सकता है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा बैठक में उपस्थित एसडीएम शहर को निर्देशित भी किया गया।

• कलेक्टर ने यह भी बताया कि शहर में वृद्धाश्रम, कुष्ठ रोगियों की बस्ती तथा ऐसे ही अन्य स्थानों पर वैक्सीनेशन टीम को पहुंचाकर वैक्सीनेशन कराया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर जमुना भिड़े द्वारा आगामी त्योहारों के आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की रूपरेखा बताई गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि शांति समिति के निर्णयों का खासतौर पर कोरोना से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली दिनचर्या की जानकारी आमजनों को अपने क्षेत्र में पहुंचकर देवें।

बैठक में शहर काजी अहमद अली, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, यास्मीन शैरानी, महेंद्र गादिया, राजेश मूणत, राजीव रावत, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, सलीम आरिफ, मधु पटेल, दिनेश राठौर, एसडीएम अभिषेक गहलोत, एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया

नवभारत 16/7/21


## अब तक जिसका डर था वहीं हुआ, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किया ऐलान...

# कोविड की तीसरी लहर शुरू


एजेंसी ● जिनेवा/नई दिल्ली

editor@peoplessamachar.co.in


कई आशंकाओं और दावों के बीच कोरोना की तीसरी लहर करीब दिखाई दे रही है। एक विदेशी ब्रोकरेज फर्म ने आगाह किया है कि डेल्टा वैरिएंट के बढ़ते मामलों और वायरस के म्यूटेट होने से भारत में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका सच साबित हो सकती है। यही बात डब्ल्यूएचओ ने दुनिया के लिए कही है। संगठन के चीफ डॉ. टेड्रोस गेब्रेयेसस ने बुधवार को देशों को चेतावनी दी कि वे कोरोना की तीसरी लहर के शुरुआती फेज में आ चुके हैं। हेल्थ एक्सपर्ट ने कोरोना के मामलों और मौतों में हाल में हुई बढ़ोतरी पर अलार्म बजाया है। हाल में यूरोप और नॉर्थ अमेरिका में वैक्सीनेशन कवरेज बढ़ने से इनमें गिरावट आई थी। यूनाइटेड नेशंस की मीडिया विंग का कहना है कि दुनियाभर में लगातार चौथे हफ्ते कोरोना के मामलों में बढ़त दर्ज की गई है। 10 हफ्ते की गिरावट के बाद मौतें भी दोबारा बढ़ने लगी हैं। डब्ल्यूएचओ चीफ ने कहा कि वायरस लगातार खुद में बदलाव कर रहा है। इसके साथ ही यह ज्यादा संक्रामक होता जा रहा है।



## डेल्टा वैरिएंट की वजह से भारत भी लहर के बेहद करीब

### क्या है दुनिया की स्थिति

**04** हफ्तों से लगातार बढ़ रहे कोरोना के नए मामले।

**10** हफ्तों की गिरावट के बाद मौतों का आंकड़ा भी बढ़ा।

**111** देशों में अब तक डेल्टा वैरिएंट फैल चुका है।

**178** देशों में अल्फा वैरिएंट, 123 में बीटा व 75 देशों में गामा।

■ भारत में भी कोरोना के केस में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

**यूएसबी की रिपोर्ट क्या कह रही**

पहले भारत में औसतन 40 लाख डोज हर दिन लगाए जा रहे थे। अब 34 लाख ही। स्थिति खतरनाक है क्योंकि 45% केस ग्रामीण इलाकों में सामने आ रहे हैं।

**पाबंदियों में छूट से जोखिम बढ़ा:** यूएसबी सिक्योरिटीज इंडिया की चीफ इकोनॉमिस्ट तन्वी गुप्ता जैन ने कहा, कई राज्य पाबंदियों में ढील दे रहे हैं, बाजार खुल रहे हैं, इससे तीसरी लहर का जोखिम ज्यादा हो गया है।

### 20% जिलों में अभी दूसरी लहर ही खत्म नहीं

तन्वी गुप्ता जैन ने बताया, देश के ज्यादातर केस 20% जिलों में मिल रहे हैं। यहां दूसरी लहर का ही असर खत्म नहीं हुआ है और तीसरी लहर की आहट सुनाई देने लगी है। इकोनॉमिक पॉइंटर सामान्य हो रहे हैं, लेकिन ये अब भी मिले-जुले नतीजे दिखा रहे हैं। ट्रेन और एयर पैसेंजर की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, यूएसबी इंडिया एक्टिविटी इंडीकेटर के मुताबिक टोल कलेक्शन अब भी पहले की स्तर से नीचे हैं।

## देश में डेल्टा वैरिएंट के मामले बढ़ने लगे

नई दिल्ली। भारत में कोरोना की तीसरी लहर को लेकर बड़े पैमाने पर चिंता जताई जा रही है। इस बीच डेल्टा वैरिएंट के केसेज में इजाफा देखने को मिल रहा है। इसने भारत के लिए तीसरी लहर का खतरा और बढ़ा दिया है। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया की चीफ इकॉनमिस्ट तन्वी गुप्ता जैन का कहना है कि कोरोना की तीसरी लहर का खतरा ज्यादा दिखाई दे रहा है। आर्थिक गतिविधियों में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं कई राज्यों में भी लगातार कोरोना संबंधी कड़ाइयों में छूट दी जा रही है। इसने भी कहीं न कहीं खतरा बढ़ाया है। वैक्सीनेशन की रफ्तार में भी बीते दिनों में कमी आई है। जहां पहले हर रोज 4 लाख लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा था। वहीं अब यह आंकड़ा 3.4 लाख प्रति डोज रोजाना पर आ चुका है। वहीं कोरोना के कुल केसेज में से 45 फीसदी केस ग्रामीण इलाकों में मिल रहे हैं।

### कोरोना के प्रति लापरवाही न बरतें: सीएम शिवराज

भोपाल। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, कोरोना की संभावित तीसरी लहर के प्रति सरकार पूरी तरह से सजग और सतर्क है, लेकिन प्रदेशवासी कोरोना के प्रति लापरवाही बिल्कुल न बरतें, कोरोना अभी गया नहीं है।



पिपुल्स समाचार 16/7/21

# सरस्वती वंदना कर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

15 से 31 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा मनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत 15 जुलाई विश्व युवा कौशल दिवस मानते हुए जितेंद्र जायसवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना का कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रधानमंत्री कौशल योजना के जितेन्द्र जायसवाल द्वारा कौशल विकास योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ कोविड 19 की दूसरी लहर की जानकारी प्रदान कर स्वच्छता शपथ उपस्थित संस्थान के पदाधिकारियों अनुदेशिकाओं व प्रशिक्षार्थियों को दिलवाई गई तथा सुभाष नगर, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर की प्रशिक्षण प्राप्त



प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस अवसर पर ला. क्लब रतलाम गोल्ड की अध्यक्ष ला. आरती त्रिवेदी, ला. पुष्पा वासन सचिव, ला. उमा भारद्वाज, ला. सरोज ओझा, ला. कोमल पोरवाल, ला. आरती दीक्षित उपस्थित थीं, कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र व्यास ने किया तथा संस्थान के प्रोग्राम अधिकारी रघुवीर सिंह सिसोदिया द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनों की जानकारी प्रदान की गई। योगेश लोनकर द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। संस्थान के वीरेन्द्र सिंह पंवार, भेरूलाल बोस उपस्थित रहे।

प्रसारण 16/7/21

# दो चरणों में नगरीय निकाय और तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

## चुनाव आयोग ने शुरू की तैयारी, पार्षद चुनेंगे महापौर और अध्यक्ष

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425174141

प्रदेश में यह तय हो गया है कि महापौर और अध्यक्ष का चुनाव जनता द्वारा नहीं बल्कि पार्षदों के माध्यम से होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि जल्द ही 347 नगरीय निकायों में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए मतदान दो चरणों में कराया जाएगा। जबकि पंचायत चुनाव तीन चरणों में होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनावों को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक बुलाई। आयोग के आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने निर्देश दिए कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन की तैयारी समय-सीमा में पूरी करें। तैयारी पूरी होते ही आम निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।

**अब और इंतजार नहीं :** राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि कोरोना संक्रमण के कारण पहले से ही आम चुनाव बहुत लेट हो चुके हैं। इसलिए अब पहले नगरीय निकायों के निर्वाचन करवाये जायेंगे। उन्होंने नई अमिट स्याही क्रय करने के आदेश जल्द जारी के निर्देश भी दिए। नगरीय निकायों में बनने वाले स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने को भी कहा है।



### नगरीय निकाय चुनाव की यह रहेगी तैयारी

| | |
|---|---|
| कुल नगरीय निकाय | 407 |
| चुनाव होंगे | 347 |
| प्रथम चरण में मतदान | 155 |
| दूसरे चरण में | 192 |
| कार्यकाल बाकी | 60 |
| नगर निगम | 16 |
| मतदान होगा | ईवीएम |
| कुल मतदान केंद्र | 19,955 |

### पंचायत चुनाव की स्थिति

**तीन चरणों में होंगे चुनाव**

| | |
|---|---|
| पंच पद | 3,77,551 |
| सरपंच पद | 23,912 |
| उपसरपंच | 23,912 |
| जनपद पंचायत सदस्य पद | 6,833 |
| जिला पंचायत सदस्य पद | 904 |
| जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष | 313 |
| जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष | 52 |

### सितंबर-अक्टूबर में हो सकती है घोषणा

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा सितंबर-अक्टूबर में हो सकती है। जुलाई व अगस्त में बारिश की संभावनाएं होने से चुनाव नहीं कराए जाएंगे। आयोग के सचिव डीवी सिंह ने बताया कि निकाय चुनाव की तैयारी लगभग पूरी है।

## बजट सत्र में पेश नहीं किया था विधेयक

शिवराज सरकार ने दिसंबर 2020 में कमलनाथ सरकार के फैसले को पलट दिया था। यानी महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का अध्यादेश जारी कर दिया गया। अध्यादेश की अवधि समाप्त होने से पहले मध्य प्रदेश नगर पालिक विधि (संशोधन) विधेयक 2021 को शिवराज सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र में पेश नहीं किया था। जबकि प्रस्तावित विधेयक को कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई थी।

पीपुल्स समाचार 16/7/21

# कैसे रखेंगे भड़काऊ पोस्ट पर नजर, जब खुद ही नहीं सक्रिय, निगम की ट्वीटर पर दो आईडी

पत्रिका बिग इश्यू

आशीष पाठक
patrika.com

रतलाम. हाल ही में राज्य सरकार ने सोशल मीडिया पर आ रही भडकाऊ पोस्ट को रोकने के लिए हर जिले में एक नोडल अधिकारी बनाने का आदेश जारी किया है। इस आदेश का पालन किस तरह से होगा, जबकि आम व्यक्ति से सबसे जुड़ा महत्वपूर्ण नगर निगम तो सोशल मीडिया सबसे अधिक उदासिनता वापरे हुए है। जिले की बात करें तो फेसबुक हो या ट्वीटर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डीआरएम के साथ अगर कोई सक्रिय है तो जिला जनसंपर्क अधिकारी। ऐसे में किस तरह से नोडल अधिकारी काम करेंगे यह साफ फिलहाल नहीं है।

## एसपी




एसपी रहते है अपडेट

असल में सरकार ने सोशल मीडिया पर आती भडकाऊ पोस्ट को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्र द्वारा बनाए गए आईटी एक्ट में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 2-1 के अंतर्गत कार्रवाई का मन बना लिया है। इसके बाद अब हर जिले में

## जनसंपर्क





पीआरओ देते है हर सूचना

एक एक अधिकारी को इसके पालन व नजर में रखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा है।

### प्रचार में ही मन नहीं

आमतौर पर हर विभाग अपने


## कलेक्टर




कलेक्टर के ट्वीटर ताजा अपडेट

काम सहित जरूरी सूचना के बारे में सोशल मीडिया का उपयोग करता है, लेकिन रतलाम में ऐसा नहीं है। शासन के 56 विभाग में से दो को छोड़कर किसी ने भी फेसबुक से लेकर ट्वीटर का उपयोग सामाजिक प्रचार के लिए नहीं किया। कलेक्टर

## नगर निगम




निगम के ट्वीटर पर 2017 से नहीं है अपडेट

से लेकर पुलिस अधीक्षक के ट्वीटर व फेसबुक पेज को छोड़ दिया जाए तो मात्र जिला जनसंपर्क अधिकारी के ट्वीटर खाते में नियमित रुप से शासन से जुड़े मामले अपडेट होते है। इतना ही नहीं, रेलवे के डीआरएम के ट्वीटर पर भी ट्रेन चलने, बंद होने,




नगर निगम के इस खाते में अप्रैल के बाद से नहीं है कोई अपडेट

मार्ग बदलने से जुड़ी पोस्ट होती है।

### जैसा शहर वैसा अपडेट

नगर निगम की बात करें तो ट्वीटर पर दो अलग-अलग खाते है, लेकिन एक खाते में 2017 के बाद से कोई पोस्ट नहीं है तो दूसरे में अप्रैल माह के बाद से कोई अपडेट नहीं है। निगम अधिकारियों को तो यह भी नहीं पता है कि उनके विभाग के ट्वीटर हैंडल को अपडेट करने की जिम्मेदारी किस की है। यहां जैसा शहर के हाल वैसा सोशल मीडिया पर अपडेट वाले हालात है।

### फिलहाल जानकारी नहीं, लेकर बताएंगे

नगर निगम का कोई ट्वीटर खात है इसकी जानकारी नहीं है। इस बारे में जानकारी लेकर बताया जाएगा। हो सकता है किसी ने पूर्व में बनाया हो व तबादला हो गया हो।

**- सोमनाथ झारिया,**
आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 18/7/21

# आयुक्त ने आयुष्मान कार्ड शिविरों का निरीक्षण

प्रसारण न्यूज * रतलाम



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु वार्डवार उचित मूल्य की दुकानों पर लगाये जा रहे शिविर का अवलोकन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह के साथ कर अधिक से अधिक हितग्राहियों कार्ड बनाने के निर्देश गठित दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिये। वार्डवार उचित मूल्य की दुकानों पर आयोजित किये गये शिविरों के तहत प्रथम दिन 199 आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

आयुष्मान कार्ड वार्डवार बनाये जाने के तहत निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित 61, रिटायर्ड कालोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड क्रमांक 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 3 में पुजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड क्रमांक 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित इन्द्रलोक नगर में लगाये गये विशेष शिविर का अवलोकन किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य की दुकानें के कुल राशन कार्ड व सदस्यों की जानकारी ली साथ ही यह भी जानकारी ली कि उनकी दुकान में कौन-कौन से वार्डों सम्मिलित है। जानकारी प्राप्त करने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि उचित मूल्य की दुकानों के संबंधित वार्डों में उद्घोषणा करवाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही सूची अनुसार हितग्राहियों को दूरभाष से बुलाये जाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाये।

प्रसारण 16/7/21

**नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव: प्रदेश में पार्षद ही चुनेंगे महापौर व अध्यक्ष, पहले निकाय फिर पंचायतों की आएगी बारी**

# चुनाव के लिए कदमताल

## पिछली कमलनाथ सरकार की राह पर शिवराज सरकार

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आयोग से कहा- संशोधन विधेयक विधानसभा में पारित नहीं हुआ, इसलिए पहले जैसा हो

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. प्रदेश में अप्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर और नगर पालिका अध्यक्षों के चुनाव कराने के लिए कदमताल फिर शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने फिलहाल पिछली कमलनाथ सरकार के समय के अप्रत्यक्ष प्रणाली के फैसले के तहत ही चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। यानी नगर निगम में महापौर और नगर पालिकाओं के अध्यक्षों को पार्षद ही चुनेंगे। गुरुवार को इसके तहत निर्वाचन आयुक्त ने बैठक भी की। हालांकि तारीखों को लेकर अभी असमंजस बरकरार है।

पिछली कमलनाथ सरकार ने जब इसे लेकर 27 जनवरी 2020 को फैसला लिया था तो भाजपा ने ही विरोध किया था। बाद में सत्ता में लौटने पर भाजपा सरकार ने इस फैसले को पलटने के प्रयास किए।

अब बीते 24 जून को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर बताया है कि बजट सत्र में मध्यप्रदेश नगर पालिका विधि अध्यादेश-2020 को विधानसभा में संशोधन करने के लिए भेजा था। उक्त विधेयक पारित नहीं किया जा सका है। ऐसे में महापौर और अध्यक्ष का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की पहले जैसी व्यवस्था रहेगी।

**407** निकाय हैं प्रदेश में, इनमें से अभी 347 में चुनाव की तैयारी

**02** चरण होंगे। पहले में 155 तो दूसरे में 192 निकायों में निर्वाचन

**347** नगरीय निकायों में सभी 16 नगर निगम शामिल हैं। कुल 19 हजार 955 मतदान केन्द्र बनाए हैं। अभी प्रदेश की 60 नगरीय निकायों का कार्यकाल बाकी है।

### तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

पंचायत चुनाव तीन चरण कराए जाने की तैयारी है। पंचायतों में पंच के 3 लाख 77 हजार 551, सरपंचों के 23 हजार 912, जनपद पंचायत सदस्य के 6 हजार 833, जिला पंचायत सदस्य के 904, उप सरपंच के 23 हजार 912, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के 313 और जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के 52 पदों पर चुनाव कराए जाने हैं।

### आयुक्त ने दिए संकेत

चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के दौरान आयुक्त बीपी सिंह ने भी अप्रत्यक्ष रूप से अफसरों को संकेत दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव पहले होंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव संपन्न कराएंगे। उन्होंने अफसरों से कहा कि चुनाव की तैयारी समय-सीमा में पूरी करें।

### एक्सपर्ट कमेंट

वर्ष 2019 में निर्धारित समय में चुनाव कराए जा सकते थे। इस बीच अन्य राज्यों में चुनाव हुए भी हैं। वर्तमान में कोरोना के चलते चुनाव के लिए ये समय उपयुक्त नहीं है। स्थितियां सामान्य होने के बाद ही इस बारे में विचार हो।

-ओपी रावत,
रिटायर मुख्य चुनाव आयोग

### निकाय चुनाव में कानूनी पेंच भी



नगरीय निकाय चुनाव में कानूनी पेंच भी आड़े आ रहा है। हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ और इंदौर खंडपीठ में मुरैना, उज्जैन की दो नगर निगम सहित 81 नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के महापौर-अध्यक्ष पद के आरक्षण को लेकर याचिका दायर की गई थी। इसमें दलील है कि निकाय चुनाव में आरक्षित सीटों पर लंबे समय से चले आ रहे आरक्षण को दोहराया गया है। इसमें रोटेशन नहीं है। संविधान में व्यवस्था दी गई है कि रोटेशन प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। दोनों खंडपीठों में दायर याचिकाओं में यही बताया गया कि एक निकाय में लगातार एक ही वर्ग को आरक्षण दिया जा रहा है। जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि बार-बार एक ही वर्ग के लिए आरक्षण करना अन्य वर्ग को चुनाव से वंचित रखना है। यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है।

पत्रिका 16/7/21

# ज्यादा कचरा निकलता है तो संस्थानों से लें यूजर चार्ज

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ ही नगर निगम की आय में वृद्धि भी होना चाहिए। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने शहर की सफाई व्यवस्था में एक सप्ताह में और अधिक सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि शहर में कचरा तब दिखाई देता है जब 100 प्रतिशत कचरे का संग्रहण नहीं हो रहा हो। सभी घरों से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहण किया जाए। जो लोग खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर स्पाट फाइन की कार्रवाई स्पाट फाइन दल के अलावा झोन प्रभारी भी करेंगे।

**बाजारों में सुबह के बाद रात में कराएं सफाई**

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि हरमाला रोड क्षेत्र में फल-फ्रुट के थोक विक्रेता अधिक होने से कचरा संग्रहण के लिए वहां बड़ा वाहन लगाया जाए। इसके बाद भी खुले में या नाले-नालियों में कचरा पाया जाता है तो उन पर बड़े जुर्माने की कार्रवाई करें। जहां कचरा अधिक मात्रा में निकलता है उन संस्थानों से यूजर्स चार्जेस लिया जाए। व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रातः सफाई कार्य पश्चात दूसरी शिफ्ट में रात में सफाई करवाएं। रात्रिकालीन सफाई में 20-20 पुरुष कर्मचारी व 2-2 कचरा संग्रहण वाहन भी लगाएं।

**आठ घंटे काम करना जरूरी**

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि दोपहर की शिफ्ट में अधिकांश कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते हैं। नौकरी में कम से कम आठ घंटे काम करना अनिवार्य होता है। दोपहर की शिफ्ट में कर्मचारी कार्य नहीं करता है तो उसका आधे दिन का वेतन काटा जाए। इसके बाद भी वह लगातार अनुपस्थित रहता है तो उसके निलंबन/बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाए।

**नगर निगम की अचल संपत्तियों की जानकारी ली :** सफाई कार्य की बैठक के बाद कलेक्टर ने राजस्व विभाग व विकास शाखा के अमले से निगम की विक्रय योग्य अचल संपत्तियों की जानकारी लेकर संपत्ति विक्रय की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम दुकानों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के निर्देश दिए।

नईदुनिया 16/7/21

# पीएम आवासों का निरीक्षण




रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ बंजली में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन फ्लेटों का निरीक्षण किया व कार्य में गति लाये जाने के निर्देश दिये।

प्रसारण 16/7/21

### जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

# कोरोना संक्रमण नहीं फैले, सौहार्दपूर्ण रूप से त्योहारों मनाएं

प्रकाश न्यूज • रतलाम



जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि कोरोना काल के दौरान संक्रमण नहीं फैलें, शासन की गाइड लाइन का पालन होगा। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार आयोजित होंगे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शांति समिति के निर्णय में कोई परिवर्तन नहीं होगा। यदि शासन द्वारा कोई नया आदेश जारी होता है तभी सभी सदस्यों को विश्वास में लेकर परिवर्तन किया जा सकता है। सभी से कोविड-अनुकूल व्यवहार रखने की अपील कलेक्टर द्वारा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है। एक निश्चित सीमा में अधिकाधिक टीकाकरण होने पर ही हम सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। यदि कोई वृद्धजन टीकाकरण से वंचित है, टीकाकरण केंद्र पर आने में असमर्थता हो रही है तो वैक्सीनेशन टीम द्वारा घर जाकर भी टीका लगाया सकता है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा बैठक में उपस्थित एसडीएम शहर को निर्देशित भी किया गया।

कलेक्टर ने यह भी बताया कि शहर में वृद्धाश्रम, कुष्ठ रोगियों की बस्ती तथा ऐसे ही अन्य स्थानों पर वैक्सीनेशन टीम को पहुंचाकर वैक्सीनेशन कराया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े द्वारा आगामी त्योहारों के आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की रूपरेखा बताई गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि शांति समिति के निर्णयों का खासतौर पर कोरोना से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली दिनचर्या की जानकारी आमजनों को अपने क्षेत्र में पहुंचकर देंवे। बैठक में शहर काजी अहमद अली, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती यास्मीन शैरानी, महेंद्र गादिया, राजेश मूणत, राजीव रावत, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, सलीम आरिफ, मधु पटेल, दिनेश राठौर, एसडीएम अभिषेक गहलोत, एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

प्रकाश 16/7/21

# नगरीय निकाय चुनाव : अब महापौर बनना है तो पहले वार्ड जीतना होगा क्योंकि पार्षद मिलकर चुनेंगे मेयर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

डेढ़ साल से ठंडी पड़ी नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मी फिर तेज हो गई है। बड़ा उलटफेर महापौर व अध्यक्ष चुनाव को लेकर हुआ, जो अब संभवतः प्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे। आरक्षण होने से महापौर ओबीसी का बनना तय है, लेकिन चुनेंगे सारे पार्षद मिलकर। मतलब साफ है महापौर बनने की चाह रखने वाले नेताओं को पहले किसी एक वार्ड से टिकट लेकर चुनाव जीतना होगा। सरकार के इस कदम ने सीधे चुनाव जीतकर महापौर बनने का सपना देखने वाले कई दिग्गज नेताओं के अरमानों पर पानी फेर दिया। वहीं पार्षद पद के लिए लड़ने वालों का भी सीना फूल गया है क्योंकि महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली होने से उनका कद और कीमत बढ़ जाएगी। इधर सरकार का इशारा मिलने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी है। सितंबर-अक्टूबर में निकाय चुनाव होने की पूरी उम्मीद है।

## सरकार के फैसले ने कई दावेदारों के अरमानों पर पानी फेरा

**कई वार्डों में बिगड़ेंगे समीकरण, विरोध दल को होगा फायदा -** महापौर के अप्रत्यक्ष चुनाव हुए तो भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही महापौर के दावेदारों को वार्ड से टिकट देना होगा। इससे कई वार्डों के समीकरण बिगड़ जाएंगे क्योंकि इसका नुकसान उन स्थानीय कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ेगा जो पार्षद बनने दो साल से मेहनत कर रहे हैं। टिकट नहीं मिलने पर कार्यकर्ता विरोध में उतर सकते हैं। इसका खामियाजा पार्टी को उठाना होगा।

**भाजपा का टारगेट 40 वार्ड, कांग्रेस भी सीट संख्या बढ़ाने की फिराक में -** निकाय चुनाव के लिए भाजपा इस बार 40 वार्ड पर जीत का परचम लहराने का टारगेट लेकर चल रही है। वहीं कांग्रेस भी सीट संख्या बढ़ाने की फिराक में जुटी है। पूर्व परिषद में 30 पार्षदों के साथ भाजपा का बहुमत था जबकि कांग्रेस के 13 और 6 निर्दलीय पार्षद थे। चुनाव के लिए अब तक भाजपा से 250 से ज्यादा और कांग्रेस में 125 से ज्यादा पार्षद व महापौर की दावेदारी जता चुके हैं।

दै. भास्कर 16/7/21

## पूर्व परिषद में 30 पार्षदों के साथ भाजपा का बहुमत था जबकि कांग्रेस के 13 और 6 निर्दलीय पार्षद थे

*हमारा बहुमत होगा-* ■ पार्टी पूरी तरह तैयार है। नगर निगम चुनाव में हमारा ही बहुमत होगा। इस बार 40 से ज्यादा वार्ड जीतेंगे। महापौर और अध्यक्ष भी हमारा ही होगा। उम्मीदवारों का चयन पार्टी गाइडलाइन के हिसाब से होगा।

**राजेंद्र सिंह लुनेरा**, भाजपा जिलाध्यक्ष

*महंगाई पर सरकार नाकाम-* ■ महामारी में अव्यवस्था, महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। इससे हमें उम्मीद है कि कांग्रेस के पूर्व परिषद से ज्यादा पार्षद जीतेंगे। पैनल तैयार है, चुनाव की तारीख घोषित होते ही उम्मीदवार घोषित कर देंगे।

**महेंद्र कटारिया**, कांग्रेस शहर अध्यक्ष

# फिल्टर प्लांट की बिजली लाइन में तीन दिन से फाल्ट, जल वितरण प्रभावित

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मोरवानी फिल्टर प्लांट की बिजली लाइन में हो रहे फाल्ट से शहर की जलवितरण व्यवस्था पटरी से उतर गई है। हालात यह है कि गत एक सप्ताह से शहर के कई हिस्सों में सुबह की बजाय शाम को पानी दिया जा रहा था, अब जलवितरण का क्रम एक दिन आगे बढ़ाया गया है।

लगातार तीन दिन से फाल्ट के कारण धोलावड़ जलाशय से पानी की आपूर्ति करीब छह से आठ घंटे बंद रहने के कारण टंकियां समय पर नहीं भर पा रही हैं। बारिश के कारण हो रहे फाल्ट में सुधार के लिए बिजली कंपनी का अमला भी लगा हुआ है। मंगलवार को मोरवानी लाइन में फाल्ट से करीब तीन घंटा, बुधवार को करीब पौने तीन घंटा व गुरुवार को डेढ़ घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही। गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे फाल्ट हुआ जिसे दो बजे सुधारा गया। इसके बाद जलाशय से आपूर्ति की प्रक्रिया शुरू करने में करीब तीन घंटे का समय लगा। शाम पांच बजे से टंकियों में पानी की सप्लाई शुरू हुई। इस वजह से स्टेशन रोड टंकी से गुरुवार को जलवितरण वाले क्षेत्रों में एक दिन का ब्रेक लिया गया। यहां अब शुक्रवार सुबह सप्लाई होगी।

## संयुक्त सर्वे में चिन्हित की खराबी

लगातार फाल्ट के चलते गुरुवार को बिजली कंपनी के ग्रामीण वृत कार्यपालन यंत्री जेपी ठाकुर व नगर निगम जलप्रदाय विभाग के प्रभारी इंजीनियर सत्यप्रकाश आचार्य ने अमले के साथ पूरी लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम के हिस्से की लाइन में भी कुछ जगह स्पार्किंग होने की बात सामने आई। इसी तरह बिजली कंपनी के यार्ड वाले हिस्से में फाल्ट चिन्हित किए गए। अब यहां सुधार कराया जाएगा।

**वैकल्पिक इंतजाम नहीं होने से लोग परेशान :** जलवितरण में देरी या क्रम बढ़ाने के चलते लोग पानी के लिए परेशान होते रहे। निगम ने शाम को उदघोषणा कराकर जलवितरण शुक्रवार को करने की सूचना दी, लेकिन टैंकर या अन्य किसी वैकल्पिक साधनों से आपूर्ति नहीं किए जाने से भी लोगों में नाराजगी रही। फेसबुक, वाट्सएप पर भी शहरवासी अपनी समस्या बताते रहे।

> मोरवानी की लाइन बंद करते ही पूरे क्षेत्र की आपूर्ति समान्य हो जाती है। मोरवानी यार्ड के आसपास कुछ खराबी है। शुक्रवार को मेंटेनेंस करेंगे। इसी समय नगर निगम प्रशासन से भी उनके हिस्से की लाइन में मेंटेनेंस के लिए कहा है।
>
> **-जेपी ठाकुर, कार्यपालन यंत्री, रतलाम ग्रामीण**

> तीन दिन से लगातार फाल्ट हो रहे है। जलवितरण व्यवस्था पहले से प्रभावित थी। फाल्ट के कारण सप्लाई का क्रम एक दिन आगे बढ़ाया है। बिजली कंपनी अधिकारियों ने जहां सुधार की जरूरत बताई है, वहां मेंटेनेंस करवाएंगे।
>
> **- सत्यप्रकाश आचार्य, निगम जलप्रदाय विभाग प्रभारी**

नईदुनिया 16/7/21

# कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम




जिले में कोविड-19 की तीसरी लहर की संभावनों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में जिले में कोविड से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच बिस्तर के अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इन सभी संस्थाओं पर ऑक्सीजन बेड व अन्य संसाधन की उपलब्धता स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है।

इस क्रम में अधिक बच्चों के बीमार होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए मरीजों का इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराए जाने की दिशा में प्रबंध किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र अजंता टॉकीज के पास जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं पर पदस्थ सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पदस्थ चिकित्सकों को कोरोना के मरीजों का उचित उपचार किए जाने का प्रशिक्षण रतलाम जिले के मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे पीएसएम, डॉ. मनीष राठौर शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. रोशन मंडलोई मेडिसिन विशेषज्ञ और डॉ. उत्तम शर्मा एनस्थीसिया विशेषज्ञ द्वारा प्रदान किया गया।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, प्राचार्य आईटीआई कॉलेज श्री यू.पी. अहिरवार तथा डीपीएम डॉ. अजहर अली आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्राप्त सेक्टर चिकित्सा अधिकारी अपने सेक्टर में जाकर कार्य क्षेत्र में आने वाली एएनएम, सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त मैदानी कर्मचारियों द्वारा कोरोना संबंधी मरीजों के उचित उपचार और देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। उल्लेखनीय है कि रतलाम ऐसा पहला जिला है जहां की कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए व्यापक प्रबंध और तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

प्रसारण | 16/7/21

# कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोविड-19 की तीसरी लहर की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोविड से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर के निर्देशन पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच बिस्तर के अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इन सभी संस्थाओं पर ऑक्सीजन बेड सहित अन्य संसाधन की उपलब्धता स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है।

इस क्रम में अधिक बच्चों के बीमार होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए मरीजों का इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराए जाने की दिशा में प्रबंध किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र अजंता टॉकीज के पास जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं पर पदस्थ सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न किया गया। प्रशिक्षण



के दौरान जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पदस्थ चिकित्सकों को कोरोना के मरीजों का उचित उपचार किए जाने का प्रशिक्षण रतलाम जिले के मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे पीएसएम, डॉ. मनीष राठौर शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. रोशन मंडलोई मेडिसीन विशेषज्ञ और डॉ. उत्तम शर्मा एनस्थीसिया विशेषज्ञ द्वारा प्रदान किया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, प्राचार्य आईटीआई कॉलेज यू.पी. अहिरवार तथा डीपीएम डॉ. अजहर अली आदि उपस्थित थे। स्वदेश

स्वदेश 16/7/21

शहर के घास बाजार में नई सड़क की एक माह में दूसरी बार की खुदाई

# पहले सड़क बनाई, पाइप डालना भूल गए, अब शुरू किया सीवरेज का कार्य

पत्रिका एक्सपोज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. शहर में आमजन के टैक्स के रुपए का नगर निगम किस तरह से उपयोग करती है, यह इसकी बानगी है। घांस बाजार में नाले के पानी निकासी के लिए एक माह पूर्व खुदाई शुरू की गई थी। यहां पर एक माह में जब काम पूरा हुआ तो गुरुवार को यहां पर सीवरेज काम के लिए खुदाई कर दी गई। अब यह कार्य एक सप्ताह में पूरा करने का लक्ष्य लिया गया है। जब नाले की पाइन डाली जा रही थी, तब ही सीवरेज का भी कार्य होना था, लेकिन इस कार्य को जवाबदेह समय पर करवाना भूल गए।

शहर में कई क्षेत्र में सीवरेज कार्य की खुदाई के चलते अब तक इस कार्य को करने वाली कंपनी ने सड़क को खुदाई के बाद सुधारा नहीं है। इस कार्य का निरीक्षण निगम के इंजीनियरिंग विभाग के श्याम सोनी व आयुक्त सोमनाथ झारिया स्वयं सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल के साथ जाकर करते हैं। इसके बाद भी काम करने वाली ऐजेंसी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। यहां तक की शहर विधायक चैतन्य काश्यप से लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तक निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने को कह चुके है।

## एक सप्ताह की परेशानी

घांस बाजार, चौमुखीपुल क्षेत्र में नाले के पानी की निकासी के लिए हाल ही में पाइप लाइन डालने का कार्य हुआ है। काम पूरा होने के पूर्व क्षेत्र में बार बार जाम के हालात बन रहे थे। अब जब कार्य पूरा हुआ तो क्षेत्रीय रहवासी खुश थे की जाम के हालात से मुक्ति मिलेगी, लेकिन अब यहां पर सीवरेज के कार्य वाले आ गए है। ऐसे में एक बार फिर से इस क्षेत्र में हाल ही में बनी नई सड़क को खोद दिया गया है। इससे दिनभर जाम के हाल रहे। निगम के अधिकारियों के अनुसार एक सप्ताह तक क्षेत्र में सीवरेज का कार्य चलेगा। इसके बाद ही राहत मिल पाएगी।

## राशि का दुरुपयोग किया जा रहा

सीवरेज के नाम पर शहर में जगह जगह सड़क को खोदा गया व नया निर्माण भी निर्माण ऐजेंसी ने नहीं किया। नई बनी हुई सड़क को फिर से सीवरेज के लिए खोदना, धन का दुरुपयोग है। - **शेरू पठान**, सामाजिक कार्यकर्ता

## जरूरी कार्य पूरे होंगे

सीवरेज की पाइप लाइन डालने का कार्य शहर में तेजी से चल रहा है। जो महत्वपूर्ण कार्य है, उनको पूरा समय पर करना जरूरी है। समय सीमा में काम को पूरा कर लिया जाएगा।

- **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 16/07/21

# अब हुई बगीचे से गंदगी साफ



फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

रतलाम. शहर के काटजू नगर सहित सभी बगीचों की सूरत जल्दी सुधर सकती है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार से प्रतिदिन सात बगीचों की समीक्षा करना शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत बुधवार को काटजू नगर के बगीचे की पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के साथ की है।

बता दे की शहर में नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार करीब 100 से अधिक बगीचे है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 49 वार्डों में यह बगीचे है। पत्रिका ने इसी के आधार पर काटजू नगर के बगीचे की स्थिति की रिपोर्ट दी थी। आयुक्त ने संज्ञान लेते हुए बगीचे की सफाई करवाई। स्वच्छता कार्य करते हुए निगम के कर्मचारियों के फोटो व वीडिओ भी अपने मोबाइल पर मंगवाए। इसके बाद ही टूटे हुए संसाधन की जानकारी लेकर इनको सुधारने को कहा है।

शहर को हरा भरा करने हर बगीचे की सेहत को सुधारा जाएगा। प्रतिदिन वास्तविक स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है। काटजू नगर बगीचे में गंदगी थी, पत्रिका में समाचार के बाद साफ करवा दिया गया है। जो संसाधन टूटे है, उनको भी ठीक करवाया जा रहा है।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 16/7/21

सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया, अब सभी को देंगे

# प्रदेश का पहला जिला जहां कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी देंगे प्रशिक्षण


**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
petrika.com


रतलाम. जिले में कोविड-19 की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए सतर्कता शुरू हो गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में जिले में कोविड से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर कुमार के निर्देशन पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच बिस्तर के अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इन सभी संस्थाओं पर ऑक्सीजन बेड सहित अन्य संसाधन की उपलब्धता स्वास्थ विभाग द्वारा तय कर दी गई है। बता दे की रतलाम में तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जिस स्तर की तैयारियां शुरू हुई है, वो शुरू करने वाला मध्यप्रदेश में रतलाम पहला जिला बन गया है।

इसीक्रम में अधिक बच्चों के बीमार होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए मरीजों का इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराए जाने की दिशा में प्रबंध किए जा रहे हैं। इसलिए गुरुवार को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र अजंता टॉकीज के पास जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं पर पदस्थ सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पदस्थ चिकित्सकों को कोरोना के मरीजों का उचित उपचार किए जाने का प्रशिक्षण रतलाम जिले के मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धरुवेंद्र पांडे पीएसएम, डॉ. मनीष राठौर शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. रोशन मंडलोई मेडिसिन विशेषज्ञ और डॉ. उत्तम शर्मा एनस्थीसिया विशेषज्ञ द्वारा दिया गया।




## यह है खास इन तैयारियों में

असल में तीसरी लहर को लेकर जो तैयारियां हो रही है, इसमें खास यह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा 400 बेड तक के अस्पताल रहेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक प्रशिक्षण फिलहाल एमपी में सिर्फ रतलाम जिले में शुरू हुआ है।

## यह रहे उपस्थित

जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, प्राचार्य आईटीआई कॉलेज यूपी अहिरवार तथा डीपीएम डॉ. अजहर अली आदि उपस्थित रहे।

## ग्रास रुट तक देंगे प्रशिक्षण

कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए प्रशिक्षण प्राप्त सेक्टर चिकित्सा अधिकारी अपने सेक्टर में जाकर कार्य क्षेत्र में आने वाली एएनएम, सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त मैदानी कर्मचारियों द्वारा कोरोना संबंधी मरीजों के उचित उपचार और देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। उल्लेखनीय इसमें यह है रतलाम ऐसा पहला जिला है जहां की कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए व्यापक प्रबंध और तैयारियां की जा रही है व ग्रास रुट तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**- कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर रतलाम

पत्रिका

पत्रिका 18/7/21

**नज़रिया** कोविड-19 के दौर में सबसे जरूरी हैं ये सवाल

# मानसून सत्र में इन 10 सवालों पर बहस जरूर होनी चाहिए


राजदीप सरदेसाई

वरिष्ठ पत्रकार

rajdeepsardesai52@gmail.com




**महामारी** के असाधारण रूप से भयानक दौर में, एक प्रश्न अनुत्तरित है: कोविड-19 से जंग में कई खामियों के लिए कौन जवाबदेह है? इसलिए अगले हफ्ते शुरू हो रहे महत्वपूर्ण संसद सत्र में, सांसदों को इन 10 सवालों पर जरूर बहस करनी चाहिए।

1. कोरोना के असर का अनुमान लगाने और उससे हुए नुकसान को कम करने में असफल रहने के लिए क्या कैबिनेट फेरबदल में हटाए गए स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ही अकेले जिम्मेदार हैं? कोविड पर समय से पहले 'जीत' की घोषणा करने, मार्च-अप्रैल में चुनावों का पागलपन और कुंभ मेले की अनुमति देने के पीछे सिर्फ एक कैबिनेट मंत्री नहीं हो सकते। क्या राजनीतिक से लेकर प्रशासनिक दायरे में और लोगों को इसकी जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए?

2. क्या जनता को नहीं बताना चाहिए कि केंद्र कैसे दिसंबर अंत तक पूरी वयस्क आबादी को टीके के दोनों डोज लगवाएगा, जैसा कि उसने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया है? मई में सरकार का अनुमान था कि वर्ष के अंत तक 216 करोड़ डोज उपलब्ध होंगे, लेकिन जून में सुप्रीम कोर्ट के दिए गए हलफनामे में आंकड़ा 135 करोड़ हो गया। क्या हमें वैक्सीन की उपलब्धता का सही अनुमान मिल सकता है?

3. वैक्सीन की कीमत पर भी सवाल हैं। बिहार चुनावों में केंद्र ने सभी को मुफ्त वैक्सीन का दावा किया, फिर भी 'एक देश, एक कीमत' के लिए सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। कई प्राइवेट अस्पताल ज्यादा कीमत वसूलते पाए गए। तो क्या बता सकते हैं कि सरकार ने बजट में टीके के लिए आवंटित 35 हजार करोड़ कैसे खर्च किए?

4. केंद्र और कोवैक्सीन निर्माता भारत बायोटेक के संबंध पर भी सवाल हैं। जब आईसीएमआर ने कोवैक्सीन बनाने में भारत बायोटेक की मदद की तो कंपनी को शुरुआत में खुद ही कीमत तय करने की अनुमति कैसे मिली? और जहां फेज 3 के क्लिनिकल ट्रायल से पहले ही इसके इमरजेंसी इस्तेमाल की अनुमति दे दी गई, फिर फाइजर जैसे विदेशी निर्माताओं को अनुमति देने में अनिच्छा क्यों दिखी? वैक्सीन की कमी के पीछे जल्दी ऑर्डर न देना और दो स्वदेशी निर्माताओं पर अत्यधिक निर्भरता मुख्य कारण माने गए। और क्या भारत सरकार को भारत बायोटेक व ब्राजील सरकार के समझौते की जानकारी थी, जिसकी वहां आपराधिक जांच हो रही है?

5. कोविड से मरने वालों की संख्या पर भ्रम बना हुआ है। क्या यह जरूरी नहीं कि मौत की संख्या का अदालत की निगरानी में पारदर्शी ऑडिट हो, खासतौर पर तब जब अपेक्स कोर्ट ने कोविड प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की स्कीम बनाने पर जोर दिया है? उनका क्या जो कोविड से गांव में घरों में मर गए, लेकिन न उनके मृत्यु प्रमाणपत्र बने, न ही पंजीकृत हुआ कि उनकी मौत कोविड से हुई?

6. कोविड के बाद बना पीएम केयर फंड दानदाताओं या उनसे मिली राशि की जानकारी देने से इनकार करता रहा है। उसका दावा है कि यह सूचना के अधिकार के तहत नहीं आता। यह अस्पष्टता परेशान करने वाली है क्योंकि यह फंड नागरिकों की मदद के लिए बना था और उन्हें ही यह जानकारी नहीं दी जा रही कि इसकी राशि कहां खर्च हुई।

7. कोविड से जंग में वैज्ञानिक समुदाय को भी फंडिंग देकर सशक्त करना जरूरी था। लेकिन भारत में पर्याप्त जीनोम सीक्वेंसिंग नहीं हो सकी। इसलिए क्या सरकार बता सकती है कि उसने वायरस और उसके वैरिएंट की जानकारी जुटाने के लिए मेडीकल रिसर्च में कितना निवेश किया?

8. महामारी में कई नौकरियां गईं। चूंकि सरकार कई विश्वसनीय संस्थानों के बेरोजगारी के आंकड़े स्वीकार नहीं कर रही, तो श्रम एवं रोजगार मंत्रालय महामारी के दौरान गई नौकरियों का सही आंकड़ा सामने क्यों नहीं लाता?

9. केंद्र कई मौजूदा सेस को हटाकर, राज्यों से भी पेट्रोल-डीजल पर लग रहे टैक्स कम करने की बात क्यों नहीं करता? बेशक संसद इसपर चर्चा शुरू कर सकती है, जिसे जीएसटी काउंसिल में आगे बढ़ाकर, ताकि ईंधन को अधिक तर्कसंगत और टिकाऊ कर व्यवस्था का हिस्सा बनाया सके।

10. आखिर में एक आसान सवाल: क्या भारत संभावित तीसरी लहर के लिए तैयार है? और भगवान न करे, आगे भी ऐसा होता रहा तो कौन जिम्मेदार होगा?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दै. भास्कर 16/7/21

शांति समिति की बैठक में भी टीकाकरण पर जोर

# केंद्र पर टीका लगवाने में असमर्थ लोगों को घर लगाने की व्यवस्था हो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. आगामी त्योहारों के मद्देनजर गुरुवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक एसपी कार्यालय में सभी समाजसेवियों और विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। बैठक के दौरान सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम टीकाकरण पर खासतौर से जोर दिया गया है। कोई वृद्धजन टीकाकरण केंद्र पर जाने में असमर्थ है तो उनके घर जाकर टीका लगाने की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

बैठक के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि कोरोना काल के दृष्टिगत रखते हुए त्योहार मनाए जाएं जिससे संक्रमण नहीं फैलें, सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शांति समिति के निर्णय में कोई परिवर्तन नहीं होगा। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित एसडीएम शहर को निर्देशित भी किया।

कलेक्टर ने बताया कि शहर में वृद्धाश्रम, कुष्ठ रोगियों की बस्ती तथा ऐसे ही अन्य स्थानों पर वैक्सीनेशन टीम को पहुंचाकर वैक्सीनेशन कराया गया है। अपर कलेक्टर जमुना भिड़े ने आगामी त्योहारों के आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की रूपरेखा बताई गई। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने अनुरोध किया कि कोरोना से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली दिनचर्या की जानकारी आमजनों को अपने क्षेत्र में पहुंचकर दें। बैठक में शहर काजी अहमद अली, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, यास्मीन शैरानी, महेंद्र गादिया, राजेश मूणत, राजीव रावत, प्रवीण सोनी, पवन सोमानी, सलीम आरिफ, मधु पटेल, दिनेश राठौर, एसडीएम अभिषेक गहलोत, एमएल आर्य, एएसपी सुनील पाटीदार, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 16/7/21

जिले में आज नहीं लगेगी वैक्सीन

जिसका डर था वही हुआ, डब्ल्यूएचओ का ऐलान-

# दुनिया में तीसरी लहर शुरू


## यूबीएस सिक्योरिटीज की चेतावनी- डेल्टा वैरिएंट की वजह से भारत भी इसके करीब




जिनेवा/नई दिल्ली (एजेंसी)। कई आशंकाओं और दावों के बीच भारत में कोरोना की तीसरी लहर करीब दिखाई दे रही है। एक विदेशी ब्रोकरेज फर्म ने आगाह किया है कि डेल्टा वैरिएंट के बढ़ते मामलों और वायरस के म्यूटेट होने से देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जल्द सच में बदल सकती है। वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने दुनिया में थर्ड वेव शुरू होने का ऐलान कर दिया है। संगठन के चीफ डॉ. टेड्रोस गेब्रेयेसस ने विश्व के देशों को चेतावनी दी कि वे कोरोना की तीसरी लहर के शुरुआती फेज में आ चुके हैं।

- **10 हफ्ते की गिरावट के बाद मौतें फिर बढ़ी-** विदेशी मीडिया सूत्रों के मुताबिक, हेल्थ एक्सपर्ट ने कोरोना के मामलों और मौतों में हाल में हुई बढ़ोतरी पर अलार्म बजाया है। यूरोप और नॉर्थ अमेरिका में वैक्सीनेशन कवरेज बढ़ने से इनमें गिरावट आई थी। यूनाइटेड नेशंस की मीडिया विंग का कहना है कि दुनिया भर में लगातार चौथे हफ्ते कोरोना के मामलों में बढ़त दर्ज की गई है। 10 हफ्ते की गिरावट के बाद मौतें भी दोबारा बढ़ने लगी हैं। डब्ल्यूएचओ चीफ ने कहा कि वायरस लगातार खुद में बदलाव कर रहा है। इसके साथ ही यह ज्यादा संक्रामक होता जा रहा है।
- **अमेरिका में 67 प्रतिशत, स्पेन में 61 प्रतिशत मामले बढ़े-** दुनिया में सबसे ज्यादा नए केस ब्राजील में मिल रहे हैं। बीते 24 घंटों में इनकी संख्या 57 हजार से ज्यादा रही। पिछले हफ्ते यहां 3.49 लाख केस मिले। हालांकि यहां नए मामलों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसी दौरान इंडोनेशिया में 45प्रतिशत, ब्रिटेन में 28प्रतिशत, अमेरिका में 67प्रतिशत, स्पेन में 61प्रतिशत तक मामले बढ़े हैं। साउथ ईस्ट एशिया रीजन में मौतों के मामले में भारत सबसे आगे है।

### भारत में पाबंदियों में छूट से जोखिम बढ़ा



सिक्योरिटीज इंडिया की चीफ इकोनॉमिस्ट तन्वी गुप्ता जैन ने कहा है कि कई राज्य पाबंदियों में ढील दे रहे हैं, बाजार खुल रहे हैं, इस वजह से तीसरी लहर का जोखिम और ज्यादा हो गया है। देश में वैक्सीनेशन की रफ्तार भी धीमी पड़ने लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले भारत में औसतन 40 लाख डोज हर दिन लगाए जा रहे थे। अब यह संख्या 34 लाख तक आ गई है। यह स्थिति इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि अब 45 प्रतिशत केस ग्रामीण इलाकों में सामने आ रहे हैं।

**देश में कोरोना की तीसरी लहर दे रही दस्तक! फिर 40 हजार के पार पहुंचे नए मामले-** देश में कोरोना केसों का आंकड़ा बीते कुछ दिनों से घट रहा था, लेकिन एक बार फिर से नए मामले 40,000 के पार पहुंच गए हैं। गुरुवार को आए आंकड़ों में बीते एक दिन में 41,806 नए केस मिलने की बात सामने आई है। इससे यह डर बढ़ गया है कि क्या देश में तीसरी लहर ने अपनी दस्तक दे दी है, जिसकी एक्सपर्ट्स आशंका जता रहे थे।

आचरण 16/7/21

## तीसरी लहर रोकने के लिए...

रतलाम, नप्र। कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रखकर जिले में आज यहां सेक्टर मेडिकल ऑफीसर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर प्रशिक्षण दोपहर 1 बजे से प्रधानमंत्री कौशल केंद्र अजंता पैलेस होटल रोड पर होगा। इस प्रशिक्षण के उपरांत सेक्टर मेडिकल ऑफीसर, विकासखंड स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे।

प्रभातकिरण 15/7/21

### डब्ल्यूएचओ ने माना

# दुनिया में तीसरी लहर शुरू

## यूबीएस सिक्योरिटीज की चेतावनी- डेल्टा वैरिएंट की वजह से भारत भी इसके करीब



जिनेवा/ नई दिल्ली ● 15 जुलाई (वा) कई आशंकाओं और दावों के बीच भारत में कोरोना की तीसरी लहर करीब दिखाई दे रही है। एक विदेशी ब्रोकरेज फर्म ने आगाह किया है कि डेल्टा वैरिएंट के बढ़ते मामलों और वायरस के म्यूटेट होने से देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जल्द सच में बदल सकती है। वहीं, डब्ल्यूएचओ ने दुनिया में थर्ड वेव शुरू होने का ऐलान कर दिया है। संगठन के चीफ डॉ. टेड्रोस गेब्रेयेसस ने कल देशों को चेतावनी दी कि वे कोरोना की तीसरी लहर के शुरुआती फेज में आ चुके हैं।

डब्ल्यूएचओ चीफ ने कहा कि वायरस लगातार खुद में बदलाव कर रहा है। इसके साथ ही यह ज्यादा संक्रामक होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि डेल्टा वैरिएंट अब 111 से ज्यादा देशों में पहुंच चुका है। यह जल्द ही पूरी दुनिया में भी फैल सकता है।


*10 हफ्ते की गिरावट के बाद मौतें फिर बढ़ीं*- एन न्यूज के मुताबिक, हेल्थ एक्सपर्ट ने कोरोना के मामलों और मौतों में हाल में हुई बढ़ोतरी पर अलार्म बजाया है। यूरोप और नॉर्थ अमेरिका में वैक्सीनेशन कवरेज बढ़ने से इनमें गिरावट आई थी। यूनाइटेड नेशंस की मीडिया विंग का कहना है कि दुनियाभर में लगातार चौथे हफ्ते कोरोना के मामलों में बढ़त दर्ज की गई है। 10 हफ्ते की गिरावट के बाद मौतें भी दोबारा बढ़ने लगी हैं।

# प्रदेश में अब अप्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे महापौर व अध्यक्ष के चुनाव

**भोपाल ● 15 जुलाई ( स्वदेश समाचार )** मध्यप्रदेश में अब नगरीय निकायों के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे। शिवराज सरकार ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि नगरीय निकायों के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से ही कराएं। यानी नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं के अध्यक्षों को पार्षद चुनेंगे। दिग्विजयसिंह के कार्यकाल के वक्त भी महापौर और निकाय अध्यक्ष ऐसे ही चुने जाते थे।

□ ***सितंबर-अक्टूबर में चुनाव की तैयारी***– *राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव पहले होंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। कोरोना की तीसरी लहर नहीं आती है या फिर कमजोर होती है तो सितंबर-अक्टूबर में चुनाव करा लिए जाएंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव कराने की तैयारी है। सरकार ने नगरीय निकाय के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का फैसला लिया है। इसको लेकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने राज्य चुनाव आयोग को पत्र भेज दिया है। आयोग ने इस पत्र के आधार पर चुनाव प्रक्रिया को लेकर एक बैठक कर ली है। मध्यप्रदेश में 2015 तक महापौर-अध्यक्ष के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होते रहे हैं, लेकिन तत्कालीन कमल नाथ सरकार ने अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने का फैसला किया था।*

स्वदेश



बैठक लेते राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह।

**बजट सत्र में नहीं किया था विधेयक पेश**– कमल नाथ सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद शिवराज सरकार ने दिसंबर 2020 में कमल नाथ सरकार के फैसले को पलट दिया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

□ ***पहले नगरीय निकाय के चुनाव***– *राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण और टीकाकरण की स्थिति के मद्देनजर वर्तमान में आम निर्वाचन करवाया जाना संभव है। कोरोना के कारण पहले से ही आम निर्वाचन बहुत लेट हो चुके हैं। पहले नगरीय निकायों के निर्वाचन करवाए जाएंगे।*

□ ***347 नगरीय निकायों में होंगे चुनाव***– *प्रदेश में कुल 407 नगरीय निकाय हैं। इनमें से 347 में आम निर्वाचन कराये जाना है। दो चरण में मतदान होगा। प्रथम चरण में 155 और दूसरे चरण में 192 नगरीय निकायों में मतदान कराया जाएगा। महापौर/अध्यक्ष का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। इन 347 नगरीय निकायों में सभी 16 नगर निगम शामिल हैं। अभी 60 नगरीय निकायों का कार्यकाल बाकी है।*

स्वदेश 16/7/21

## प्रदेश में अब अप्रत्यक्ष...

यानी महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का अध्यादेश जारी कर दिया था। अध्यादेश की अवधि समाप्त होने से पहले मध्यप्रदेश नगर पालिक विधि (संशोधन) विधेयक 2021 को शिवराज सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र में पेश नहीं किया था, जबकि प्रस्तावित विधेयक को कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई थी। आयोग को लिखे पत्र में सरकार ने इसका हवाला दिया है कि विधेयक को विधानसभा से मंजूरी नहीं मिलने के कारण अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराए जाएं।



# कलेक्टर-एसपी ने पौधे लगाए

रतलाम, नप्र। पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत ही खास हैं। चारों तरफ हरियाली ही हरियाली रहे, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कल यहां हनुमान ताल पहुंचकर पौधे लगाए। कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अन्य अधिकारियों ने हरियाली के लिए हनुमान ताल पर पौधे लगाए। उपसंचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेल ने बताया कि बोगनवेलिया, क्रोटन, कनेर, गुलाब, चांदनी, मोगरा, मधु कामिनी, गोल्डन डूरंटा, गुड़हल, ड्रेसिना जैसी विभिन्न प्रजातियों के लगभग पांच हजार पौधे लाए गए थे। अधिकारियों ने कल इन सभी पौधों का रोपण हनुमान ताल परिसर पर किया। कनेल ने बताया कि रोड के दोनों किनारों पर पौधे लगाए जाएंगे ताकि सड़क की सुंदरता में भी निखार आए।

डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, कृतिका भीमावद, मनीषा वास्कले, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, ईईआरइएस अनूप मिश्रा, उपसंचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया, जिला शिक्षा अधिकारी के.सी. शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, परियोजना अधिकारी डूडा अरुण पाठक, निगम इंजीनियर सुरेश व्यास, हनीफ शेख, के.सी. आचार्य, जी.के. जायसवाल ने भी पौधे लगाए।

प्रभातकिरण 15/7/21

# जिले में अब केवल पांच सक्रिय केस

## लगातार पांचवें दिन गुरुवार को एक भी नया पाजिटिव नहीं

**रतलाम।** जिले में लगातार पांचवें दिन गुरुवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। पांच मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या पांच है। जिले में अब तक 17497 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17181 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

जिले में कोरोना पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। जुलाई माह के बीते पांच दिनों में एक भी नया केस सामने नहीं आया है। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। अनलाक में छूट का दायरा भी धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है। इससे व्यापारिक गतिविधियां भी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही हैं। डाक्टरों का कहना है कि कोरोना की स्थिति भले ही काबू में आ गई है, लेकिन अभी यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसलिए कोविड-19 नियमों का पालन जरूरी है। जिला महामारी नियंत्रक डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि टीका लगवाने के बाद भी शारीरिक दूरी के पालन के साथ मास्क लगाना जरूरी है। सावधानी ही बचाव का सशक्त माध्यम है। नईदुनिया

### जुलाई माह में कोरोना की चाल पर नजर

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 01 जुलाई | 001 | 018 | 00 | 0025 |
| 02 जुलाई | 001 | 010 | 00 | 0016 |
| 03 जुलाई | 000 | 003 | 00 | 0013 |
| 04 जुलाई | 004 | 000 | 00 | 0017 |
| 05 जुलाई | 004 | 001 | 00 | 0020 |
| 06 जुलाई | 003 | 002 | 00 | 0021 |
| 07 जुलाई | 001 | 003 | 00 | 0019 |
| 08 जुलाई | 000 | 003 | 00 | 0016 |
| 09 जुलाई | 000 | 001 | 00 | 0015 |
| 10 जुलाई | 001 | 001 | 00 | 0015 |
| 11 जुलाई | 000 | 001 | 00 | 0014 |
| 12 जुलाई | 000 | 001 | 00 | 0013 |
| 13 जुलाई | 000 | 000 | 00 | 0013 |
| 14 जुलाई | 000 | 003 | 00 | 0010 |
| 15 जुलाई | 000 | 005 | 00 | 0005 |

नईदुनिया 16/7/21

## विश्व युवा कौशल दिवस मनाते हुए शुरुआत

# एक पखवाड़े तक शहर में चलेगा स्वच्छता अभियान



रतलाम. शहर में गुरुवार से एक पखवाड़े तक स्वच्छता पखवाडा जन शिक्षण संस्थान द्वारा मनाने की शुरुआत की गई। इसकी शुरुआत के दौरान विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया।

प्रधानमंत्री कौशल योजना के जितेंद्र जायसवाल द्वारा कौशल विकास योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ कोविड 19 की तीसरी लहर के प्रति सचेत किया गया। इस दौरान स्वच्छता शपथ उपस्थित संस्थान के पदाधिकारियों अनुदेशिकाओं व प्रशिक्षार्थीयों को दिलवाई गई। सुभाष नगर, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर की प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस अवसर पर लायन क्लब रतलाम गोल्ड की अध्यक्ष आरती त्रिवेदी, पुष्पा वासन सचिव, उमा भारद्वाज, सरोज ओझा, कोमल पोरवाल, आरती दीक्षित उपस्थित थी। संचालन धर्मेंद्र व्यास ने किया। रघुवीर सिंह सिसोदिया द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनों की जानकारी प्रदान की गई। योगेश लोनकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संस्थान के वीरेन्द्र सिंह पंवार, भेरूलाल बोस उपस्थित रहे।

पत्रिका 16/7/21

## त्योहारों के दौरान भी लागू रहेगी कोरोना गाइडलाइन

रतलाम। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि कोरोना काल के दृष्टिगत संक्रमण नहीं फैले, शासन की गाइड लाइन का पालन होगा। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाए जाएंगे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शांति समिति के निर्णय में कोई परिवर्तन नहीं होगा। यदि शासन द्वारा कोई नया आदेश जारी होता है तभी सभी सदस्यों को विश्वास में लेकर परिवर्तन किया जा सकता है। कलेक्टर ने टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। शहर काजी अहमद अली, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, यासमीन शैरानी, महेंद्र गादिया, राजेश मूणत आदि मौजूद थे।

## नाले की सफाई की मांग

रतलाम। रेलवे माल गोदाम एवं डाट की पुलिया रेलवे सीमा क्षेत्र में नाले की सफाई की मांग को लेकर डीआरएम विनीत गुप्ता को कांग्रेस नेता शेरु पठान, राकेश आचार्य, लाला जाट, सुनील महावर ने ज्ञापन दिया। डीआरएम ने सफाई कराने का आश्वासन दिया।

## आज टीकाकरण सत्र नहीं होगा

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि जिले में 16 जुलाई शुक्रवार को किसी भी प्रकार का कोविड टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं होगा।

नईदुनिया 16/7/21

## 74 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। गुरुवार को 74 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। इसमें डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 34545, कामेक्टर सूखा कचरा 24285, गीला कचरा 14410, मैजिक से 1530 किलो कचरा संग्रहण शामिल है।

नईदुनिया 16/7/21

## अतिक्रमण व गंदगी रकने पर 5000 का जुर्माना

रतलाम। अतिक्रमण को गंदगी करने पर एक कबाड़ी पर नगर निगम की टीम ने जुर्माना किया। जानकारी के अनुसार दिलीप नगर क्षेत्र में एक कबाड़ी द्वारा गंदगी व अतिक्रमण करने पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने संबंधित पर 5000 का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी।

नवभारत 16/7/21

## आज टीकाकरण सत्र का आयोजन नहीं होगा

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में 16 जुलाई शुक्रवार को किसी भी प्रकार का कोविड संबंधित टीकाकरण सत्र का आयोजन नहीं किया जाएगा।

नवभारत 16/7/21



# कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

रतलाम। रतलाम जिले में कोविड-19 की तीसरी लहर की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में जिले में कोविड से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच बिस्तर के अस्पताल बनाए जा रहे हैं। इन सभी संस्थाओं पर ऑक्सीजन बेड सहित अन्य संसाधन की उपलब्धता स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है।

इस क्रम में अधिक बच्चों के बीमार होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए मरीजों का इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराए जाने की दिशा में प्रबंध किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र अजंता टॉकीज के पास जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं पर पदस्थ सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे पीएसएम, डॉ. मनीष राठौर शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. रोशन मंडलोई मेडिसिन विशेषज्ञ और डॉ. उत्तम शर्मा एनस्थीसिया विशेषज्ञ द्वारा प्रदान किया गया।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, प्राचार्य आईटीआई कॉलेज यू.पी. अहिरवार तथा डीपीएम डॉ. अजहर अली आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्राप्त सेक्टर चिकित्सा अधिकारी अपने सेक्टर में जाकर कार्य क्षेत्र में आने वाली एएनएम, सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे।

प्रशिक्षण प्राप्त मैदानी कर्मचारियों द्वारा कोरोना संबंधी

# बाजार में रात को सफाई करवाओ, दुकानों से अवैध कब्जा हटाओ

## लापरवाही पर सख्ती करने के कलेक्टर के निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

निगम की आय बढ़ाओ। ऐसी दुकानें जिन पर कब्जा है, उन्हें कार्रवाई कर मुक्त कराओ। सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इसके लिए रात में भी सफाई करवाओ। लापरवाही कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करो, तभी कार्यशैली में सुधार होगा। यह निर्देश गुरुवार को नगर निगम के स्वास्थ्य, विकास सहित अन्य शाखाओं के काम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए।

## ऐसे चली बैठक की कार्रवाई

**सफाई** - घरों से 100 प्रतिशत कचरा उठना चाहिए। खुले में कचरा डालने वालों पर स्पॉट फाइन दल के अभाव में जोन प्रभारी भी कार्रवाई करें।

**संपत्ति** - राजीव गांधी सिविक सेंटर की 121, सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 94, बस स्टैंड की दुकान, हॉल व छत, देवरादेव नारायण नगर के 16 फ्लैट, टीआईटी रोड की भूमि, अमृत सागर, अर्जुन नगर में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि, पांजरा पोल व नित्यानन्द मार्केट की दुकानें सहित अन्य संपत्तियों को बेचने की कार्रवाई जल्द करो।

दै. भास्कर 16/7/21